| |
|---|
| दिनांक 04.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 461/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बहराइच/थाना नानपारा**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 03/04.09.2026 की रात्रि थाना नानपारा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर निबिया नहर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त असलम उर्फ साहिल उर्फ सुहैल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 मोबाइल फोन, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बहराइच के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना नानपारा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नानपारा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–असलम उर्फ साहिल उर्फ सुहैल निवासी अगपुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1–02 मोबाइल फोन।

2–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद संतकबीरनगर/थाना कोतवाली खलीलाबाद

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 04.09.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हड़िया पुल बस्ती के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सोनू कुमार उर्फ संगम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोनू कुमार उर्फ संगम निवासी ग्राम दारानगर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना शिकारपुर

- **15–15 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 04.09.2026 को थाना शिकारपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परशुराम चौक के पास से 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–विक्की उर्फ बबलू 2–मनीष 3–राहुल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना शिकारपुर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15–15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना शिकारपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विक्की उर्फ बबलू निवासी रामनगर कॉलोनी मौसमगढ़ थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

2—मनीष निवासी रामनगर कॉलोनी मौसमगढ़ थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

3—राहुल निवासी रामनगर कॉलोनी मौसमगढ़ थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर।

**कमिश्नरेट प्रयागराज/थाना थरवई**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **लूट की 01 वैगनार कार**
- **घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 03/04.09.2026 की रात्रि थाना थरवई व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मलाका से बेरूई जाने वाले रोड़ पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—साहिल घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—अब्दुल सत्तार सहित गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर भैंसाही अण्डर पास से अभियुक्त 3—राजू उर्फ सूर्यप्रकाश 4—गोविन्द उर्फ शुभम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, लूट की 01 वैगनार कार, घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.09.2026 को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना थरवई पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन, कार, मोटर साइकिल आदि लूट/चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त साहिल के विरूद्ध कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग एवं अभियुक्त अब्दुल सत्तार व राजू उर्फ सूर्य प्रकाश के विरूद्ध कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी आदि के 03–03 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना थरवई पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–साहिल निवासी चाक पतेली थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़।

2–अब्दुल सत्तार निवासी गदियानी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज।

3–राजू उर्फ सूर्यप्रकाश निवासी नहर ददौली थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

4–गोविन्द उर्फ शुभम निवासी बरचनपुर थाना सोरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1–लूट के नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

2–लूट की 01 वैगनार कार।

3–घटना में प्रयुक्त चोरी की 01 मोटर साइकिल।

4–02 अवैध शस्त्र विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

| |
|---|
| दिनांक 04.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 462/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह का किया शुभारम्भ

मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश **श्री राजीव कृष्ण द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न स्वरूप कामधेनु एवं बछड़े की आकर्षक प्रतिमा भेंट** की गयी।

**मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी** ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों एवं पुलिस परिवार के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ कार्यक्रम के पश्चात पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण द्वारा पुलिस टेलीकॉम मुख्यालय, महानगर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा प्रदेश के समस्त पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।






श्रीकृष्ण जन्मोत्सव
2026
कृष्णं वन्दे जगदगुरुम्!